भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1208
सोमवार, 21 सितम्बर, 2020/30 भाद्रपद, 1942 (शक)

# एनसीएस पोर्टल द्वारा रोजगार

1208 श्री राजीव सातव:

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में, विशेष रूप से महाराष्ट्र और तमिलनाडु के संदर्भ में नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) के अंतर्गत वर्तमान में कितने उम्मीदवार पंजीकृत हैं;

(ख) गत तीन वर्षों, के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान एनसीएस पोर्टल के माध्यम से राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल कितने रोजगार तलाशने वालों को नियोजित किया गया है; और

(ग) सरकार द्वारा देश भर में, विशेष रूप से महाराष्ट्र के युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसरों तक युवाओं की पहुंच बढ़ाए जाने के लिए क्या-क्या अन्य कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): इस समय, राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर पंजीकृत सक्रिय रोजगार चाहने वालों की कुल संख्या 1.03 करोड़ है, जिसमें से 13.37 लाख रोजगार-चाहने वाले महाराष्ट्र से तथा 2.70 लाख रोजगार-चाहने वाले तमिलनाडु से हैं।

(ख): अंतिम हायरिंग आंकड़ों को एनसीएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अधिसूचित करना आवश्यक नहीं है। तथापि, 16 सितम्बर, 2020 तक एनसीएस पोर्टल पर कुल 78.09 लाख रिक्तियां जुटाई गई हैं।

(ग): विविध रोजगार अवसरों तक युवाओं को बढ़ी हुई पहुंच प्रदान कराने के उद्देश्य से सरकार रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना, शिक्षुता, इंटर्नशिप इत्यादि जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। एनसीएस के तहत ये सेवाएं ऑनलाइन (www.ncs.gov.in) पर उपलब्ध है जो करियर केंद्रों, साझा सेवा केंद्रों, डाक घरों, मोबाइल उपकरणों, साइबर कैफे के माध्यम से सीधे ही प्राप्त की जा सकती हैं। एनसीएस पोर्टल उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन (बहुभाषीय) द्वारा समर्थित है। ये सेवाएं निःशुल्क उपल्बध हैं।

परियोजना में अन्य बातों के साथ-साथ, आउटरिच गतिविधियों के आयोजन के लिए एनसीएस की पहुंच को अधिकतम करने हेतु रोजगार संबंधी सेवाएं वितरित करने के लिए राज्यों और संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना करना शामिल है। एमसीसी रोजगार मेलों का आयोजन, नियोक्ताओं को जुटाने, जिला स्तर पर करियर परामर्श देने आदि का कार्य भी करते हैं। मंत्रालय आदर्श करियर केंद्रों की स्थापना के लिए राज्य सरकार को एक-बारगी अनुदान-सहायता प्रदान करता है। महाराष्ट्र राज्य में 05 आदर्श करियर केंद्र, यवतमाल, एनआईईएलआईटी औरंगाबाद, सीआईआई मुबंई, थाणे और उस्मानाबाद में स्थापित किए जा चुके हैं।

एनसीएस परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी रोजगार कार्यालयों को एनसीएस पोर्टल के साथ भी आपस में जोड़ा गया है। इस घटक के तहत, मंत्रालय राज्य सरकारों को रोजगार मेले आयोजित करने, सूचना प्रौद्योगिकी के उन्नयन और मौजूदा रोजगार कार्यालयों के बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण के लिए अनुदान सहायता प्रदान करता है।

महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र में रोजगार कार्यालयों को आपस में जोड़ने के लिए 359.95 लाख रुपए की धनराशि भी जारी की जा चुकी है।

सरकार ने देश में महाराष्ट्र राज्य सहित रोजगार सृजित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं का कार्यान्वयन करके विभिन्न कदम भी उठा रही हैं।

*****